TT-101 Sl.No.

Roll. No. ...

Total No. of Questions : 28] [Total No. of Printed Pages : 08

# TT-101

## पुनरीक्षित परीक्षा कार्यक्रम–वर्ष 2017 कक्षा 9 वी

## First Language (Special) : Hindi

## विशिष्ट–भाषा हिन्दी

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 100

निर्देश :

i) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक (1x5x5=25) निर्धारित हैं।

ii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2–2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

iii) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3–3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द।

iv) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4–4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द।

v) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए 5–5 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 150 शब्द।

vi) प्रश्न क्रमांक 28 निबंधात्मक प्रश्न हैं। इसके लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द।

---

1) दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: [1x5=5]

(i) पंचवटी ............. नदी के किनारे स्थित है। (गंगा/गोदावरी)

(ii) मांगलिक द्रव्यों में ........... अवश्य रखा जाता है। (नारियल/केला)

(iii) हमारी पृथ्वी को सूर्य की परिक्रमा करने में ........... दिन लगते हैं। (365/356)





(iv) 'कमल' का पर्यायवाची शब्द ............. है। (विपिन/पंकज)

(v) मात्रिक छन्द का उदाहरण ................ है। (दोहा/सवैया)

2) निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए :– [1x5=5]

(i) शबरी के आश्रम में कौन आए थे :–

(अ) श्री राम (ब) श्री कृष्ण

(स) श्री हरि (द) श्री विष्णु

(ii) सर्वव्यापक पक्षी कहा गया है :–

(अ) तोता (ब) मोर

(स) कौआ (द) चील

(iii) 'शत्रु' शब्द का विलोम शब्द होगा :–

(अ) भाई (ब) मित्र

(स) दुश्मन (द) पिता

(iv) कौरव सेना के सेनानायक का नाम था :–

(अ) दुर्योधन (ब) भीष्म पितामह

(स) श्री कृष्ण (द) अर्जुन

(v) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व कहलाते हैं–

(अ) अलंकार (ब) रस

(स) छन्द (द) काव्य गुण

3) निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य लिखिए : [1x5=5]

(i) मीरा ने राम नाम रुपी अमूल्य धन पा लिया है।

(ii) 'दीपदान' डॉ. रामकुमार वर्मा की प्रसिध्द एकांकी है।

(iii) विक्रम साराभाई एक महान गायक थे।

(iv) 'मुँह की खाना' का अर्थ मुँह से खाना है।

(v) 'श्रृंगार रस' का स्थायी भाव रति है।

4) खण्ड 'क' से खण्ड 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए : [1x5=5]

| क | | ख | |
|---|---|---|---|
| (i) | महाकवि तुलसीदास कृत रचना | (अ) | जीवक |
| (ii) | दहेज प्रथा पर आधारित एकांकी | (ब) | अक्षि |
| (iii) | आयुर्वेद चिकित्साशास्त्री | (स) | रामचरित मानस |
| (iv) | आँख का तत्सम | (द) | श्री कृष्ण |
| (v) | सुदामा के बाल सखा | (इ) | बहू की विदा |
| | | (ई) | श्री राम |

5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या एक शब्द में लिखिए : [1x5=5]

(i) अमेरिका की खोज किसने की थी?

(ii) सम्राट बिम्बसार के पुत्र का नाम क्या था?

(iii) देशज शब्द किसे कहते हैं?

(iv) 'चरण सरोज पखारन लागे' में कौन सा अलंकार है?

(v) निशीथ का दिया क्या ला रहा है?

6) मीराबाई को कौन–सा रत्न प्राप्त हुआ था? [2]

अथवा

कवि रसखान ने कौए के भाग्य की सराहना क्यों की है?







7) बचपन की याद किसे आ रही है? [2]

अथवा

कवि सुमित्रानंदन पंत ने धरती में क्या बोया?

8) 'हिन्दुस्तान हमारा है' से कवि का क्या आशय है? [2]

अथवा

कवि माथुर किस चक्र को नहीं रुकने देने की बात करते हैं?

9) कवि 'भवानी प्रसाद मिश्र' को घर की याद क्यों आ रही है? [2]

अथवा

कवि 'जगदीश गुप्त' के अनुसार जीवन का सच क्या है?

10) शबरी के मुँह से शब्द क्यों नहीं निकल रहे थे? [2]

अथवा

अमरबेल का पोषण कैसे होता है?

11) लेखक रामधारी सिंह 'दिनकर' के अनुसार जिंदगी में लगाने वाली पूँजी कौन सी है? [2]

अथवा

स्वयंजात वन किसे कहते हैं?

12) 'शरद जोशी' के अनुसार मनुष्य और पशु में क्या अंतर है? [2]

अथवा

चित्तौड़ का कुलदीपक कौन था?

13) जीवन लाल ने कमला की विदा करने से क्यों मना कर दिया? [2]

अथवा

रामेश्वरी के मन में किस चीज की कामना थी?

14) महाराणा प्रताप की तलवार को किसके समान कहा गया है? [2]

अथवा

परमेश्वर का मंदिर किसे कहा गया है?

15) तत्सम एवं तद्भव शब्दों में क्या अंतर है? [2]

अथवा

'वान' एवं 'आई' प्रत्यय लगाकर दो–दो सार्थक शब्द बनाइए?

16) छन्द की परिभाषा एवं छन्द के भेद लिखिए। [2]

अथवा

महाकाव्य की दो विशेषताएँ लिखिये।

17) सौर पंचांग किसे कहते है? [3]

अथवा

'इसरो' की स्थापना कहाँ और किसके द्वारा की गई?

18) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए : [3]

(i) आर्शीवाद

(ii) र्स्वगीय

(iii) रिषीयों

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(i) अमृत

(ii) अर्थ

(iii) आयात





19) श्रृंगार रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। [3]

अथवा

यमक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिये।

20) भक्ति काल की काव्यधाराओं का विभाजन करते हुए एक–एक कवि का नाम लिखिए। [4]

अथवा

आदिकाल को वीरगाथाकाल क्यों कहते है? इस काल के दो कवि और उनकी रचनाओं के नाम लिखिए।

21) निबंध की परिभाषा लिखते हुए कोई दो निबंधकारों के नाम एवं रचनाएँ लिखिए। [4]

अथवा

उपन्यास किसे कहते है? कोई चार तत्व लिखिए।

22) निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : [4]

धूरि भरे अति सोभित स्यामजू, तैसी बनी सिर सुंदर चोटी।
खेलत खात फिरैं अँगना, पग पैंजनी बाजति पीरी कछोटी।।
वा छबि को रसखानि बिलोकत, वारत काम कला निधि कोटी।
काग के भाग बड़े सजनी हरि–हाथ सों लै गयौ माखन रोटी।।

अथवा

करत–करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान।
रसरी आवत जात ते, सिल पर परत निसान।।

23) निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : [4]

इस धर्म सभा ने जगत् के समक्ष यदि कुछ प्रदर्शित किया है तो वह है, "उसने सिद्ध कर दिया है कि शुद्धता, पवित्रता और दयाशीलता किसी सम्प्रदाय विशेष की एकान्तिक सम्पत्ति नहीं है एवं प्रत्येक धर्म ने श्रेष्ठ एवं अतिशय उन्नत चरित्र स्त्री–पुरुषों को जन्म दिया है"।

अथवा

भारत नदियों का देश रहा है। इसलिए नहीं कि इस देश में नदियों की ही अधिकता है बल्कि इसलिए कि इस देश में नदियों का विशेष रुप से सम्मान हुआ है। वे हमारे जीवन में बहुत महत्व रखती हैं।

24) कवि घनानन्द अथवा सुमित्रानंदन पंत का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए: [4]

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष–कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान।

25) विद्यानिवास मिश्र अथवा शरद जोशी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : [4]

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान।

26) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [1+1+2+1=5]

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से अलग उसके अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। परिचित तो बहुत होते हैं, पर मित्र बहुत कम होते हैं। क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है, जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है, परस्पर विश्वास। मित्र ऐसा सखा, गुरु और माता है, जो सबके स्थानों को पूर्ण करता है।

प्रश्न :

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) मैत्री में कौन–कौन से भाव सम्मिलित हैं।

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

(iv) मित्र किस–किस के स्थान को पूर्ण करता है?

(P.T.O.)



27) अपने विद्यालय के प्राचार्य को तीन दिन की छुट्टी हेतु आवेदन पत्र लिखिये। [5]

अथवा

अपने जन्मदिन पर सम्मिलित होने हेतु मित्र को आमन्त्रण पत्र लिखिये।

28) (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200–250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए [7]

(i) विज्ञान और मानव

(ii) समाचार पत्रों की उपयोगिता

(iii) जल है तो कल है

(iv) प्रदूषण : कारण और निदान

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए : [3]

(i) राष्ट्रीय पर्व

(ii) कम्प्यूटर की उपयोगिता

(iii) वृक्षारोपण का महत्व

(iv) राष्ट्रभाषा का महत्व

**********